जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-46 | जयपुर, सोमवार, 28 नवम्बर, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4



## मुख्यमंत्री ने दी किशनगढ़ अण्डरपास निर्माण के लिए 14.89 करोड़ रूपए की मंजूरी

**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्य सरकार प्रदेश के आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक और अहम निर्णय लेते हुए किशनगढ़ (अजमेर) में अण्डरपास निर्माण के लिए 14 करोड़ 89 लाख रूपए की मंजूरी दी है। गहलोत के निर्णय के बाद किशनगढ़ स्थित पुराने रेलवे स्टेशन परिसर में अण्डरपास निर्माण होगा। अण्डरपास निर्माण से आमजन को आवागमन में राहत मिलेगी तथा समय की बचत होगी। यह अण्डरपास रेलवे लाइन के कारण दो हिस्सों में बंटे हुए शहर को जोड़ेगा। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने बजट में आरयूबी/अण्डरपास बनाने की घोषणा की थी। इसी घोषणा के क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा यह स्वीकृति दी गई है।

## शिक्षा और स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की आज पूरे देश में चर्चा है। मंहगाई और बेरोजगारी के इस दौर में आमजन को अधिकतम राहत पहुंचाने के लिए राज्य सरकार कृत-संकल्पित होकर कार्य कर रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य राज्य सरकार की प्राथमिकता हैं। हर क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा आमजन के लिए योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। गहलोत सवाईमाधोपुर में 61 करोड़ रूपए के विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गंगापुर सिटी में लगभग 39 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले जिला अस्पताल का भूमि पूजन किया। साथ ही, उन्होंने 20 करोड़ रूपए की लागत के स्टेट हाईवे का शिलान्यास और महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति का अनावरण भी किया। गहलोत ने कहा कि केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ई.आर.सी.पी.) को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देना चाहिए। इस परियोजना के बनने से राजस्थान के एक बड़े क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। प्रधानमंत्री स्वयं जयपुर और अजमेर की सभाओं में ई.आर.सी.पी. को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने का समर्थन कर चुके हैं।

# खादी देश की पहचान

# युवा वर्ग खादी को अपनाकर सुखद बदलाव ला सकते हैं:खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री

**जयपुर (हमारा वतन)** खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि खादी देश की पहचान है। युवावर्ग खादी को अपनाकर देश में सुखद बदलाव ला सकता है। रावत ने शुक्रवार को बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा लगाई खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2022-23 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि खादी हानिकारक रसायन रहित और पर्यावरण हितैषी वस्त्र है। साथ ही खादी आत्मनिर्भर भारत की और एक बढ़ता कदम भी है। खादी मंत्री ने कहा कि खादी मेक इन इंडिया की पहली उपज थी। खादी अब युवाओं को रास आ रही है और देश के साथ विदेशों में भी लोकप्रियता बटोर रही है। उन्होंने खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष से ऐसी प्रदर्शनियां प्रदेश के सभी जिलों में भी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा इन प्रदर्शनों से न केवल उत्पादकों को बाजार मिलता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी अच्छे उत्पाद के चयन में आसानी होती है।

खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के चेयरमैन बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का कतिन, बुनकर व खादी से जुड़े हर हाथ को सुदृढ़ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा खादी की लोकप्रियता बढ़ाने व आमजन तक इसकी पहुंच सुलभ करने की है। उन्होंने कहा कि खादी को बढ़ावा देने के साथ खादी संस्थानों के कंप्यूटरीकरण व डिजिटाइजेशन के लिए भी व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के चेयरमैन बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का कतिन, बुनकर व खादी से जुड़े हर हाथ को सुदृढ़ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा खादी की लोकप्रियता बढ़ाने व आमजन तक इसकी पहुंच सुलभ करने की है। उन्होंने कहा कि खादी को बढ़ावा देने के साथ खादी संस्थानों के कंप्यूटरीकरण व डिजिटाइजेशन के लिए भी व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

## खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन








## संविधान दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर (नि.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने 73 वें संविधान दिवस (26 नवम्बर) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि संविधान हमारा मार्गदर्शक ग्रंथ है। इसमें स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के सिद्धान्तों पर जोर देते समानता के साथ सभी के लिए समान न्याय की बात कही गई है।

## ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने भारत की तारीफ की

कैनबरा (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई संसद ने भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को मंजूरी दे दी है। जल्द इस पर साइन किया जाएगा। इसी बीच ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने भारत की तारीफ की है। ऑस्ट्रेलिया के एक मीडिया हाउस ने भारत को अनस्टॉपेबल, यानी कभी न रुकने वाला बताया है।

## राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन पेंशन पोर्टल प्रारम्भ

जयपुर (नि.सं.)। राज्य सरकार की डिजिटलाइजेशन मुहिम के अंतर्गत राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन पेंशन पोर्टल की सुविधा शुरू कर दी गई है। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक आर.के.शर्मा ने बताया कि निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा पेंशन का विवरण देखने एवं पेंशन स्लिप डाउनलोड करने हेतु डिजिटल सुविधा की मांग की जा रही थी ताकि उन्हें इन कार्यों हेतु कार्यालय ना आना पड़े। वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन के विवरण त्वरित उपलब्ध कराने के मद्देनजर उत्पादन निगम के आई टी विभाग को निर्देशित किया गया।



28 नवम्बर पुण्यतिथि पर

# स्त्री शिक्षा व समानता के पोषक महात्मा फुले

उन्नीसवी शताब्दी में देश में एक और रुढीवादियों तथा प्रतिक्रियावादियों का शक्तिशाली तबका था जो प्राचीन परम्पराओं एवं रीतिरिवाजो के अनुकरण के लिए मजबूर करता था दूसरी ओर प्रगतिशील लोगों का समूह था जो सामाजिक बुराईयों को दूर करने व उन्नतिशील विचारों को ग्रहण करने पर जोर देता था। सामाजिक नियतिवाद व सामाजिक गत्यात्मवाद में संघर्ष था। उससे मानववादी विचारधारा का उदय हुआ, समता और धर्म निरपेक्षता की भावनाओं का संचार हुआ। आदमी के सम्मान व मानवीय कल्याण के लिए अनुकूल स्थितियां पैदा हुई। दासता, सामाजिक आर्थिक शोषण, छुआछूत, बाल विवाह, शिशु हत्या,बेगार आदि सामाजिक बुराईयों के विरुद्ध लोगों की भावना जागृत होने लगी।



डा. सत्यनारायण सिंह, आई.ए.एस(आर)

महात्मा फुले सामाजिक क्रान्ति के प्रथम दृष्टा, कर्मण्यवादी विचारक, अनैतिकता, अस्पृष्ता, अन्धविश्वास, अनैतिकता व रुढीवादी अवधारणाओं के घोर विरोधी, स्त्री शिक्षा व समानता के पोशक किसानों व श्रमिकों के हितेशी थे। महात्मा फुले ने समाज में व्याप्त निशेदों, निर्योग्ताओं, असमानता, छुआछूत, शोषण व उत्पीडन के विरुध संघर्ष प्रारम्भ किया। उन्होंने निर्धन वर्ग एवं महिलाओं मे शिक्षा प्रसार हेतु सक्रिय प्रयास किये। स्कूल खोला अपनी निरक्षर पत्नि सावित्री बाई फुले को देश की प्रथम महिला शिक्षिका बनाया। उन्होने स्पष्ट कहा था ''शिक्षा के अभाव में बुद्धि का विनाश हो जाता है, बुद्धि के अभाव मे नैतिकता का पतन हो जाता है, नैतिकता के अभाव में प्रगति रुक जाती है, प्रगति और धनाभाव के कारण पिछडे व निर्धन वर्गो का पतन होता रहता है, सभी दुखों का कारण अशिक्षा है।''

महात्मा बुद्ध के बाद ज्योतिबा फुले, महात्मा गॉधी, बाबा साहब अम्बेडकर, रवीन्द्रनाथ टैगोर, जवाहरलाल नेहरु आदि प्रमुख मानववादियों ने लौकिक विचारों को नया मौड दियां। मराठी भाशियों ने महात्मा फुले जैसे सामाजिक क्रान्ति के अग्रणी व्यक्ति को अपने प्रान्त व अपनी भाषा तक सीमित रखा, फलस्वरुप उनकी कीर्ति महाराष्ट्र प्रान्त में ही बंधी रही। जब हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में उनका साहित्य सामने आया तो उनके विचारो को उत्तर भारत में भी बढावा मिला। राजस्थान में उनके विचोरो को फैलाने का श्रेय गांधीवादी श्री अशोक गहलोत को है, जिससे दलितों व पिछडों में महात्मा फुले द्वारा स्थापित आदर्शो को अपनाने व आगे बढान का कार्य प्रारम्भ हुआ।

डॉ. अम्बेडकर ने उनको अपना गुरु माना है और कहा है कि ''ज्योतिबा फुले की नीति, उनका तत्वज्ञान और उनके कार्यक्रम को लेकर ही आगे बढा जासकता है।'' सहस्त्रों वर्षो से उत्पीडित शोषितों के जीवन में नया प्रकाश फैलाने के लिए अल्पायु में ही ज्योतिराव अकेले चल पडे थे, केवल जीवन संगीनी का ही उन्हें सम्बल प्राप्त था। महात्मा गॉधी ने कहा था ''असली महात्मा तो महात्मा ज्योतिराव फुले ही है।'' ज्योतिराव फुले ने हिन्दु समाज की पिछडी व छोटी जातियों को उच्च वर्णो के प्रति उनकी गुलामी की भावना के सम्बन्ध में जागृत किया और स्थापित किया कि सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना महत्वपूर्ण है।

बाबू जगजीवनराम ने कहा था ''महात्मा फुले दलित चेतना की दिशा में ज्योंति पुरुष थे, दलितो व पिछडों के आंगन मे अकेले हजारों वर्ष के अंधेरे को चीर कर सूर्यरथ खींचकर लाये थे। निम्नवर्गो के लोगों में शिक्षा की किरणें फुले ने ही विखेरी। महात्मा फुले भारत की बुनियादी क्रान्ति के प्रथम महामानव थे इसलिए वे महात्मा बुद्ध, महावीर, मार्टिल लाथूर, नानक आदि के उत्तराधिकारी थे। उनका समर्पित व संघर्षमय जीवन आज के समय भी प्रेरणा का स्त्रोत है।'' महात्मा फुले केवल समाज सुधार करना नही चाहते थे बल्कि वे एक वर्गहीन, जातिविहीन, शोषण मुक्त समाज का निर्माण करना चाहते थे, सामाजिक क्रान्ति करना चाहते थे। तत्कालीन शोषित, उपेक्षित जनता को गुलामी व शोषण की प्रतीती कराकर आत्म सम्मान जगाना चाहते थे। मानसिक दासता पर उन्होंने प्रहार किया और जागृति पैदा की। उनका चिंतन व्यवहारिकता के धरातल पर आधारित थां वे आर्य व अनार्य के भेद को समाप्त करना चाहते थे जब कि आज के दलित हितेषी कहलाने वाले लोग आर्य व अनार्य का भेद बनाये रखना चाहते है उसको बढाना चाहते है। वे मजदूर आन्दोलनों के भी जनक थे।

उनका सिद्धान्त था ईश्वर सभी में व्याप्त है प्रत्येक व्यक्ति को ईश्वर भक्ति का अधिकार है, उसके लिए मध्यस्थता की आवष्यकता नही है। मनुष्य की श्रेष्ठता का प्रमाण उसकी जाति नही वरन उसके गुण हैं। समाज में स्त्री पुरुष का दर्जा बराबर हैं। ऊंच नीच की भावना व्यर्थ है। वे अछूतोद्धार, विधवा पुनर्विवाह के प्रबल समर्थक थे, अज्ञान जाति भेद, स्त्रियों की दासता के विरोधी, स्त्रीशिक्षा के समर्थक, सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत, व समता आन्दोलन के जनक थे। वे सामाजिक क्रान्तिकारी सुधारको की श्रेणी से महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उन्होंने पद दलित नारी तथा पिछडे, निर्धन मजदूर, किसान दलित समाज को सामाजिक दासता से मुक्त कराने का दृढ संकल्प ले कर कार्य किया और सामाजिक क्रान्ति के पुरोधा बन गये। उनका कार्य व्यवहार आज के दलित व पिछडे नेताओं की तरह नही था जो राजनीतिक लाभ के कारण सब्जबाग दिखा कर उनके हितों के विरुद्ध आचरण करते है। समग्र सामाजिक क्रान्ति के प्रथम दृष्टा के सिद्धान्तों पर चलने की बजाय सामाजिक असमानता बढाते है। ये नेता आकारों की पूजा करके विचारों की उपेक्षा करने की परम्परा को बढाते रहे है। सामाजिक ,आर्थिक पिछडेपन, वर्ग संघर्ष व असमानता व जाति भेद को भी बढावा देते हैं।

# हर मानव अधिकारों की छत है भारतीय संविधानः डॉ. सोनी



**उत्तराखंड (हमारा वतन)** राजकीय इण्टर कालेज मरोड़ा (सकलाना) में मनाये जानेवाले प्रतिभा दिवस पर संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर फूल माला अर्पित व दीप प्रज्वलित कर भारतीय संविधान दिवस को धूमधाम से मनाया गया ।

जिसमें भाषण, निबन्ध व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता का आयोजन प्रभारी प्रधानाचार्य व उत्तराखंड में वृक्षमित्र के नाम से मशहूर पर्यावरणविद् डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान जुप्पल सिंह, विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य सरिता रावत, अध्यक्षता नेहरू युवा केन्द्र टिहरी जौनपुर ब्लाक यूथ समन्वय अनिल हटवाल ने किया। भाषण में प्रथम किरन, द्वितीय अंशिका, तृतीय मानसी रही।

वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा हमारा संविधान हर मानव का अधिकारों का गौरवशाली छण हैं जिसमें वह अमनचैन से रह सकता हैं। 26 नवम्बर 1949 को संविधान को अपनाया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया और आज जो भी अधिकार हमारे हैं वो हमारे संविधान की देन है। कार्यक्रम में गिरीश चंद्र कोठियाल, कुलदीप चौधरी, राजेन्द्र रावत, पहल सिंह, पवित्रारानी, अंजना गौरोला, ऋषिवाला चौधरी, रोहित, ज्योति, प्रतिमा, अंकिता कार्यक्रम का संचालन नवीन भारती ने किया।

# गुरु नानक विद्यालय भांडुप में संविधान दिवस समारोह हुआ संपन्न

**मुंबई (हमारा वतन)** गुरु नानक इंग्लिश हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज भांडुप मे प्रधानाचार्या हरवंश कौर की अध्यक्षता में संविधान दिवस समारोह का आयोजन आज विद्यालय के प्रांगण में किया गया। इस अवसर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों के अलावा उप प्रधानाचार्या सिमरन कौर, सुपरवाइजर मनिंदर कौर स्मिता पांडेय ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया। सभी भारतीय संविधान के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि हमें अपने संविधान का आदर सम्मान करते हुए उसके दायरे में रहकर हर काम करना चाहिए।



## विकास में करें विज्ञान का उपयोग, विनाशकारी उपयोग मानव सभ्यता के लिए अभिशाप : शिक्षा मंत्री

जयपुर (नि.सं.)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला ने बीकानेर में देशनोक के करणी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय 55 वीं राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बी.डी कल्ला ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। इसने पूरी दुनिया को ग्लोबल विलेज बना दिया है। उन्होंने विज्ञान का उपयोग विकास में करने का आह्वान किया। साथ ही चिंता जताई कि इसके विनाशकारी उपयोग मानव सभ्यता के लिए अभिशाप हैं। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी ने इक्कीसवीं सदी के तकनीकी क्षमता संपन्न भारत की कल्पना की। वह सपना आज साकार हुआ है। आज हमारे देश के वैज्ञानिक नित नए आविष्कार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान मेला वर्षों बाद बीकानेर जिले में तथा पहली बार देशनोक में आयोजित हुआ है। प्रदेश भर के विद्यार्थियों ने इसका भरपूर लाभ उठाया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा देशभक्ति और महात्मा गांधी के प्रिय गीतों के गायन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से कॉपी जांच के बाद स्कूलों में शतरंज खेलने का कीर्तिमान स्थापित किया गया है। इसे भी शीघ्र ही वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया जाएगा।

# स्पिक मैके द्वारा आयोजित मोहिनी अट्टम नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध

**जयपुर (हमारा वतन)** स्पिक मैके संस्था युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहती है। इसी कड़ी में स्पिक मैके जयपुर चैप्टर की ओर से कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में छात्राओं को भारतीय नृत्य विधा से रूबरू करवाने तथा भारतीय कला व संस्कृति के संवर्द्धन हेतु नृत्यांगना डॉ. रचिथा रवि और उनकी टीम ने मोहिनीअट्टम नृत्य प्रस्तुति दी।



महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया और स्पिक मैके संस्था के उदेद्श्य पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस तरह की गतिविधियों के महत्व को समझाया। प्रसिद्ध नृत्यांगना रचिथा रवि ने मोहिनीअट्टम नृत्य शैली की जानकारी दी और नृतन गणपति प्रस्तुति से गणेश वन्दना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विभिन्न नृत्य शैलियों से परिचित करवाते हुए उन्होंने चुलकुट्ट नृत्य तथा अभिनय व नृत्य से युक्त प्रस्तुति जेतिस्वरम प्रस्तुत की। कौशल्या के वात्सल्य भाव से ओत-प्रोत इस प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। अष्टपति के अन्तर्गत राधा कृष्ण के चरित्र को मंच पर साकार कर कलाकारों ने समां बाँध दिया। अंतिम प्रस्तुति तिल्लना, धनश्री राग पर आधारित थी, मंच से मुरली सांगीथ के गायन, वेणु कुरूमासेरी के मृदंगम् और वैयलर राजेन्द्रन् के वायलिन पर संगत की। जयपुर चैप्टर की कॉर्डिनेटर डॉ. मृणाली कांकर ने इस आयोजन का सफल समन्वय किया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, उप-प्राचार्य डॉ. रत्ना सक्सेना (विज्ञान), डॉ. दीप्तिमा शुक्ला (कला), डॉ. रंजुला जैन (महाविद्यालय विकास) तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ व प्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहीं। धन्यवाद ज्ञापन उप-प्राचार्य डॉ. सरला शर्मा (वाणिज्य) ने किया व मंच संचालन डॉ. टीना सिंह ने किया।

**मुख्यमंत्री की पहल से गांव-गांव पहुंच रही सड़कें** | **880 करोड़ की लागत से सड़क से जुड़े 543 गांव**

# 2 हजार 400 किलोमीटर नई सड़कों का हुआ निर्माण

जयपुर (नि.सं.)। सड़कें विकास की मुख्य कड़ी हैं। इसी सोच को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर प्रदेश के सड़क तंत्र को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। शहरों से लेकर गांव-ढाणी तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश का एक भी गांव-ढाणी सड़कों से जुड़ने से वंचित नहीं रहे। राज्य सरकार ने वर्तमान कार्यकाल में अब तक प्रदेश के 543 ऐसे गांवों को सड़कों से जोड़ दिया है, जहां आज तक सड़क नहीं पहुंच सकी थी। 880 करोड़ की लागत से गांवों में बिछा सड़कों का जाल-



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्ष 2019-2020 के बजट में 1009 गांवों को चरणबद्ध रूप से सड़कों से जोड़ने की घोषणा थी। प्रथम चरण में 330 गांवों को सड़कों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया। शेष सड़कें चरणबद्ध रूप से बनाई जानी थीं।

इस बीच कोरोना की चुनौती आने के बावजूद राज्य सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस काम को अंजाम दिया। इसी का परिणाम है कि अगस्त 2022 तक 880 करोड़ की लागत से 543 गांवों को सड़कों से जोड़ दिया गया है।




# रश्मिका मंदाना ने कर ली विजय देवरकोंडा से शादी?



***रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा काफी समय से रिलेशनशिप की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। फैंस काफी समय से चाहते हैं कि रश्मिका और विजय शादी कर लें और शायद उनकी ये इच्छा पूरी हो गई है।*** विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना के रिलेशनशिप की खबरें काफी समय से सुर्खियों में हैं। हालांकि दोनों ने हमेशा एक-दूसरे को अच्छा दोस्त बताया है। लेकिन इसी बीच दोनों की शादी की फोटो वायरल हो रही है। इस फोटो को देखकर फैंस हैरान हो गए हैं और यही जानना चाहते हैं कि क्या दोनों ने सीक्रेटली शादी कर ली है? लेकिन आपको बता दें कि ऐसा नहीं है। दोनों ने शादी नहीं की है। यह फोटो किसी ने एडिट करके बनाई है और इसे दोनों स्टार्स के फैन क्लब सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। फोटो को आप देखेंगे कि दोनों शादी के आउटफिट्स में नजर आ रहे हैं और दोनों के गले में वरमाला है। भले ही दोनों ने शादी नहीं की है, लेकिन फैंस दोनों की इस फोटो को देखकर काफी खुश जरूर हैं। वैसे बता दें कि विजय और रश्मिका ने पहले फिल्म गीता गोवंदम और डियर कोमरेड फिल्मों में काम किया है। इन फिल्मों के बाद से ही दोनों की जोड़ी छाई हुई है।


# 46 की उम्र में टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट करती दिखीं मल्लिका शेरावत, बताया ऐसे रहती हैं फिट



'मर्डर' फेम मल्लिका शेरावत फिल्मों में उतनी सक्रिय नहीं हैं। वह अमेरिका में शिफ्ट हो गई हैं। सोशल मीडिया पर वह जरूर फैन्स से रूबरू होती रहती हैं। इस बार मल्लिका ने अपना एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह अपना टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। 46 साल की मल्लिका अभी भी उतनी ही ग्लैमरस और खूबसूरत लगती हैं। उनके वीडियो में फैन्स उनकी खूबसूरती का राज पूछ रहे हैं जिसके बाद उन्होंने उनको जवाब भी दिया। मल्लिका ने बताया कि वह शराब और सिगरेट से दूर रहती हैं और एक अनुशासित जिंदगी जी रही हैं।

**काउच पर पोज दे रहीं मल्लिका**–मल्लिका ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह ब्रा और कलरफुल शॉर्ट्स में हैं। वह काउच पर लेटे हुए पोज दे रही हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में 'मसकली' गाना सुनाई पड़ता है। उन्होंने अपने मूड को बयां करता हुआ कैप्शन दिया, 'फीलिंग लेजी। ' खूबसूरती का राज एक यूजर ने एक्ट्रेस से पूछा कि वह अभी भी 20 साल पहले जैसी लग रही हैं। यूजर ने लिखा, 'पिछले 20 सालों से आप एक जैसी लग रही हैं। आप ये कैसे कर लेती हैं?' मल्लिका ने अपनी खूबसूरती का राज बताते हुए लिखा, 'थैंक्यू, मैं एक अनुशासित जिंदगी जी रही हूं, वर्कआउट, योगा, नो सिगरेट, नो शराब और नो लेट नाइट्स।'

# 'अकेले ही बॉलीवुड को बचा रहीं', कंगना रनौत ने जमकर की तब्बू की तारीफ





**कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लिखकर तब्बू की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने तब्बू के बारे में कहा कि वह 52 की उम्र में अकेले ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को बचाने का काम कर रही हैं।** कंगना रनौत को अक्सर किसी ना किसी बॉलीवुड एक्टर्स से लेकर मेकर्स तक से पंगा लेते हुए देखा जाता है। इस बार कंगना ने किसी को निशाने पर नहीं लिया बल्कि जमकर तारीफ की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लिखकर तब्बू की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने तब्बू के बारे में कहा कि वह 52 की उम्र में अकेले ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को बचाने का काम कर रही हैं। यही नहीं कंगना ने आगे कहा कि वह हमेशा उनको प्रेरित करती हैं।

**तब्बू की दोनों फिल्में सुपरहिट**–कंगना ने अपने पोस्ट में लिखा, 'इस साल केवल दो हिंदी फिल्में चलीं- भूल भुलैया 2 और दृश्यम 2... दोनों फिल्मों में तब्बू जी मुख्य रोल में थी। 50s में उनका कमाल... हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को वह अकेले ही बचा रही हैं। उनके टैलेंट और निरंतरता पर कोई सवाल नहीं उठता लेकिन 50 की उम्र पार करने के बावजूद स्टारडम के शिखर तक पहुंचना काबिल-ए-तारीफ है।'

**तब्बू को बताया प्रेरणा**

कंगना रनौत ने तब्बू को प्रेरणा बताया। उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे लगता है कि महिलाएं अपने काम के प्रति जो समर्पण दिखाती हैं उसके लिए वह और डिजर्व करती हैं। प्रेरणा।' आगे उन्होंने ताली बजाने वाला इमोजी शेयर किया।

# क्या डायबिटीज के मरीजों को चाय के साथ करनी चाहिए अपने दिन की शुरुआत?

भारत में चाय का मतलब सिर्फ चाय की पत्ती नहीं है। उसके साथ दूध और चम्मच भर शक्कर भी है। और साथ में नाश्ता न हो तो चाय का स्वाद अधूरा ही लगता है। तो ऐसे में मधुमेह रोगियों को क्या करना चाहिए !बदलते ठंडे मौसम में चाय पीना भला किसे रास नहीं आता है। वैसे भी अधिकतर लोग अपने दिन की शुरुआत भी चाय या कॉफी से करते हैं। पर क्या मधुमेह यानी डायबिटीज के मरीजों के लिए भी यह एक हेल्दी प्रैक्टिस है? यदि आप या आपके परिवार में कोई डायबिटीज का मरीज हैं, तो यकीनन आप खानपान का बहुत ख्याल रखती होंगी। तब क्या हर रोज़ बनने वाली चाय डायबिटीज के मरीज भी पी सकते हैं? आइए जानते हैं इस बारे में क्या कहते हैं एक्सपर्ट।आपको यह बात पता ही होगी कि आपको अपनी डाइट का ख़ास ख्याल रखना होता है। तो चलिए एक्सपर्ट से जानते हैं कि आपको चाय का सेवन कैसे करना चाहिए जिससे आपको नुकसान न हो।




**जानिए चाय और डायबिटीज के बारे में क्या कहती हैं एक्सपर्ट**–डॉ बबीना एनएम जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट में चीफ मेडिकल ऑफिसर हैं। अपने लंबे अनुभव के आधार पर वे कहती हैं, सबसे पहले हमें भारत में बनने वाली चाय की अवधारणा को समझने की जरूरत है। हमें यह समझना होगा कि भारत में चाय का मतलब सिर्फ चाय पत्ती नहीं होती है, बल्कि इसमें चीनी और दूध का मिश्रण भी शामिल होता है। वे आगे कहती हैं, अगर कोई डायबिटिक पेशेंट दिन भर में 2 से 4 कप या उससे अधिक चाय का सेवन करता है, तो वह अपनी दवाई और चल रहे उपचार को विफल कर देता है। दूध और शक्कर से भरा चाय का हर एक कप उनके शुगर लेवल को और बढ़ा सकता है। इसलिए डायबिटीज के पेशेंट को अपनी डाइट का खास ख्याल रखना चाहिए।डायबिटीज के मरीज को अपने आहार में उन खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए जो प्राकृतिक रूप से उनके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रख सकें। यदि आप डायबिटिक हैं तो आपको जंक फूड, ज्यादा नमक, चीनी और फैट वाले खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। यह आपके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। साथ ही आपके रक्त शर्करा का स्तर भी बढ़ा देते हैं।डॉक्टर बबीना, कहती हैं कि अत्यधिक फ्राइड पैकेट और जंक फूड खाने से तनाव का स्तर भी बढ़ जाता है। इसके साथ ही आपका वजन भी तेजी से बढ़ता है और कई सारी बीमारियां आपके शरीर में घर कर लेती है।

### गीत

**(जर्रा- जर्रा)**

त्याग दिया मन की हर भाषा
आशा से तौबा कर डाला
मन से मन की कभी बनी न
हालातों से समझौता कर डाला
लगता है के अब तो,
मैं खुदसे ही रूठ गया हूँ
वक्त के हाथों जर्रा-जर्रा,
लम्हा- लम्हा टूट गया हूँ

वादे पर वादों का मिलना
जज्बातों का खेल निराला
सुर्ख सुफेदी बस जुबान में
अंतस का रंग काला-काला
हाल कभी भी जिसने पूछा,
बोल अनेकों झूठ गया हूँ
लगता है के अब तो,
मैं खुदसे ही रूठ गया हूँ
वक्त के हाथों जर्रा-जर्रा,
लम्हा- लम्हा टूट गया हूँ

मन ने मन की एक सुनी ना
बस अपनी वाली करता है
एक बार भी तनिक न सोचा
आखिर कैसी निष्ठुरता है
निराशा का अनन्त हलाहल,
पी तो वैसे कई घूँट गया हूँ
लगता है के अब तो,
मैं खुदसे ही रूठ गया हूँ
वक्त के हाथों जर्रा-जर्रा,
लम्हा-लम्हा टूट गया हूँ

इन सबके बाद भी आश न छोड़ा
जैसे-तैसे आगे बढ़ता हूँ
गिरता हूँ, फिर उठता हूँ
अजीब सी सीढ़ी चढ़ता हूँ
हताशा में नायाब खजाने को,
इक झटके में लूट गया हूँ
लगता है के अब तो,
मैं खुदसे ही रूठ गया हूँ
वक्त के हाथों जर्रा-जर्रा,
लम्हा-लम्हा टूट गया हूँ



**-सिद्धार्थ गोरखपुरी**




# 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील की विजयी शुरुआत

**लुसैल।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 में शुक्रवार देर रात हुए मैच में ब्राजील ने सर्बिया को 2-0 से हरा दिया। लुसैल



स्टेडियम में 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील के लिए दोनों गोल रिचार्लिसन ने किए। 62वें मिनट में ब्राजील के नेमार और विनिसियस जूनियर के मौके मिस करने के बाद रिचार्लिसन ने मैच का पहला गोल दागा। फिर 73वें मिनट में विनिसियस के ही क्रॉस पर रिचार्लिसन ने एक्रोबैटिक गोल किया। इस जीत के साथ ब्राजील अपने ग्रुप में टॉप पर पहुंच चुका है। गुरुवार शाम को ग्रुप जी के पहले मैच में स्विट्जरलैंड ने कैमरून को 1-0 से हराया था। इससे वह ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। कैमरून तीसरे और सर्बिया चौथे स्थान पर है। दोनों ही टीमों के पास एक भी पॉइंट नहीं है।

**62वें मिनट में पहला गोल**– फर्स्ट हाफ में स्कोर लाइन 0-0 रहने के बाद सेकेंड हाफ में मैच का पहला गोल आया। ब्राजील के फॉरवर्ड नेमार जूनियर बॉल को सर्बिया के गोल पोस्ट के पास ले गए। उनके गोल चांस मिस करने के बाद लेफ्ट फॉरवर्ड विनिसयस जूनियर ने शॉट मारा। बॉल गोलकीपर से लग कर रिचार्लिसन के पास गई। यहां रिचार्लिसन ने कोई गलती नहीं की और बॉल को सीधा गोल पोस्ट में डाल कर मैच का पहला गोल अपने नाम किया।

# अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक को मिला खास तोहफा, ODI डेब्यू का मिला मौका



**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज का आगाज हो गया है। कीवी कप्तान केन विलियमसन ने पहले मैच में टॉस जीता और भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। भारत की ओर से इस मैच में उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह डेब्यू कर रहे हैं। मैच से पहले कप्तान शिखर धवन ने अर्शदीप सिंह को जबकि हेड कोच वीवीएस लक्ष्मण ने उमरान को डेब्यू कैच थमाई। भारत ने प्लेइंग XI में संजू सैमसन को भी शामिल किया है। टी20 सीरीज के दौरान उमरान और संजू दोनों को ही एक भी मैच नहीं मिल पाया था। वहीं अर्शदीप सिंह ने टी20 इंटरनेशनल में अपनी गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया है और ऐसे में उनका वनडे डेब्यू लगभग पहले से तय लग रहा था। अब देखना होगा कि उमरान ने अपनी तेजी के साथ-साथ लाइन लेंथ पर भी काम किया है या नहीं?

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### भारत पर फिर रमीज राजा ने साधा निशाना– पड़ोसियों को बुरा लग सकता है लेकिन सच है...

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा टीम इंडिया पर निशाना साधने का ऐसा लगता है मौका ढूंढ़ते हैं। एक बार फिर राजा ने टीम इंडिया पर निशाना साधते हुए उन्हें पिछले एक साल में पाकिस्तान के खिलाफ मिली दो हार याद दिलाई, लेकिन राजा यहां भूल गए कि दो बार भारत ने भी पाकिस्तान को हराया है। 2021 टी20 वर्ल्ड कप से लेकर 2022 टी20 वर्ल्ड कप के बीच भारत और पाकिस्तान के बीच कुल चार मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें से भारत ने दो और पाकिस्तान ने दो जीते हैं। रमीज राजा ने कहा, पड़ोसियों को बुरा लग सकता है, लेकिन सच यह है कि हमने एक साल में दो बार ऐसी टीम को हराया है, जिनकी क्रिकेट इकॉनमी बिलियन रुपये है। 2021 आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया था, इसके बाद एशिया कप 2022 में भारत ने पहले पाकिस्तान को हराया और फिर पाकिस्तान ने भारत को हराया। वहीं आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत ने पाकिस्तान को हराया था।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# जनसंख्या का असंतुलन बढ़ा रहा जोखिम

विश्व की जनसंख्या आठ अरब के आंकड़े को पार कर गई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार अगले वर्ष चीन को पछाड़कर भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा। इसके बाद भारत की आबादी 2064 तक लगातार बढ़ती रहेगी। दुनिया की आबादी सात से आठ अरब होने में 12 वर्ष लगे और इसमें सबसे अधिक योगदान भारत का रहा। निम्न आय और निम्न मध्यम-आय वाले देशों में जनसंख्या वृद्धि का रुझान दिखा है। अगले कुछ दशकों में यह सिलसिला कायम रहने के आसार हैं। भारत के लिए इसके गहरे निहितार्थ होंगे। न केवल इस कारण कि अधिक लोगों के भोजन-पानी की व्यवस्था करनी होगी, बल्कि इसके सामाजिक एवं राजनीतिक परिणाम भी दिखेंगे, क्योंकि विभिन्न धार्मिक समुदायों में जनसंख्या वृद्धि असमान एवं असंगत है। संयुक्त राष्ट्र की घोषणा से हफ्तों पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भी इस मुद्दे पर आवाज उठाई थी, जो हिंदू मानस को लंबे समय से उद्वेलित किए हुए है। यह मुद्दा भारत में बदल रही धार्मिक जनसांख्यिकी और कुछ दशकों से हिंदू जनसंख्या में आई गिरावट से जुड़ा है। होसबाले ने कहा कि सीमा पार घुसपैठ और मतांतरण से भी जनसांख्यिकी परिवर्तित हो रही है। ऐसे में 'जनसंख्या नियंत्रण' की नीति अत्यंत आवश्यक हो गई है।उनके अनुसार सरकार ऐसी सार्वभौमिक जनसंख्या नीति बनाए, जो सभी धार्मिक समुदायों और भौगोलिक क्षेत्रों पर लागू हो। उन्होंने सख्त मतांतरण विरोधी कानून की आवश्यकता भी जताई। पिछले 50 वर्षों में जनगणना के आंकड़ों की पड़ताल करें तो स्पष्ट दिखता है कि जनसांख्यिकीय परिवर्तन की दिशा किस प्रकार हिंदुओं के प्रतिकूल है।1961 की जनगणना में हिंदुओं की कुल हिस्सेदारी 83.40 प्रतिशत थी, जो 2011 में 79.80 प्रतिशत रह गई और जब 2021 के आंकड़े उपलब्ध होंगे तो यकीनन इसमें और गिरावट दिखेगी। दूसरी ओर 1961 में मुस्लिम 10.70 प्रतिशत थे, जो 2011 में 14.20 प्रतिशत हो गए। इन समुदायों की संख्या में परिवर्तन उनकी दशकीय वृद्धि दर में भारी अंतर के कारण आया। पिछली जनगणना पर ही दृष्टि डालें तो उसमें दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर का राष्ट्रीय औसत 17.70 प्रतिशत था। इस दौरान हिंदुओं, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और जैनियों की संबंधित वृद्धि दर जहां राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे रही, वहीं मुस्लिम जनसंख्या में 24.60 प्रतिशत की दशकीय वृद्धि दर्ज हुई। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि 2001-11 के दौरान देश के 27 राज्यों में मुस्लिम जनसंख्या में बढ़ोतरी हुई।


राम गोपाल सैनी

# पूर्व विधायक सैनी ने भोजलावा कट पर हाई मास्क लाइट लगवाने के लिए जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर (हमारा वतन)** पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित को एनएच 52 स्थित भोजलावा कट पर हाई मास्क लाइट लगवाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

पूर्व विधायक सैनी ने जिला कलक्टर को बताया कि चौमूं एनएच 52 बाईपास पर भोजलावा कट स्थित है। भोजलावा कट पर लाइट की व्यवस्था न होने के कारण रात में दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। वाहनों को कट पर क्रॉसिंग करने में काफी दिक्कत होती है। भोजलावा कट पर लाइट नहीं होने के कारण राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



पूर्व विधायक सैनी ने मांग कि है की टोल प्लाजा टाटियावास द्वारा भोजलावा कट पर हाई मास्क लाइट लगवाई जावे, जिससे वाहनों को आने-जाने में आसानी हो सके।

## (कविता)

# उड़ते परिंदे

मुफलिसी में उसूलों को टूटते देखा है
सूदखोरों को गरीबों से लूटते देखा है

बिना बात के होते हो नाराज़ हमसे
मैने बातों से रिश्तों को टूटते देखा है

मत कर भरोसा बहती नदी का
कइयों को इसमें डूबते देखा है

उड़ने दे परिंदे को आसमान में
कैद में इंसान को भी टूटते देखा है

चल जरा उस राह जहाँ मय मिले
दर्दे गम को वहीं पे फूंकते देखा है

– विनोद शर्मा वेणु, बिहार



# डीएमएफटी फंड से ग्राम पंचायत फतेहपुरा और भूतेड़ा में होगा खेल मेदान में अतिरिक्त विकास कार्य



**चौमूं (हमारा वतन)** विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुरा और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूतेड़ा के खेल मैदानों में अतिरिक्त विकास कार्य हेतु 39 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जारी की है।

# ईटावा भोपजी स्थित सांई मंदिर में हुआ भव्य सम्मान समारोह का आयोजन


**जयपुर (हमारा वतन)** सांई मंदिर में सरपंच ममता बराला को राज्य सरकार द्वारा पुनः नियुक्ति दिये जाने पर मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत द्वारा शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया ।



साथ ही गांव की बेटी मनीषा नाथावत पुत्री रणधीर सिंह का राजस्थान पुलिस में चयन होने पर सम्मानित किया गया तो वहीं दूसरी ओर कानून के क्षेत्र में पूरे देश में ईटावा भोपजी का नाम रोशन करने वाली मेधावी प्रतिभा एडवोकेट आकांक्षा नाथावत पुत्री एडवोकेट भंवर सिंह नाथावत का भी सम्मान किया गया। मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि प्रतिभाओं का समय-समय पर सम्मान करना चाहिए ताकि इनसे प्रेरित होकर अन्य प्रतिभाएं भी मेहनत व लगन से अपना मुकाम हासिल करें और अपने माता पिता व देश का नाम रोशन करें।

# भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने किया ज्योतिषाचार्य अभिमन्यु पाराशर का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)** तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर में अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने शिमला झुंझुनूं निवासी ज्योतिषाचार्य अभिमन्यु पाराशर को बाबा श्याम का दुपट्टा, श्याम कलम, श्याम इत्र देकर सम्मानित किया । साथ ही ज्योतिष विषय पर चर्चा की । इस दौरान समाजसेवी गोपाल भाई ,योगेंद्र शर्मा ,विनोद पारीक ,पूनम पारीक, खुशी पारीक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



# आम आदमी पार्टी ने जयपुर में मनाया स्थापना दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)** आम आदमी पार्टी, राजस्थान ने 26 नवंबर को अपना 11वाँ स्थापना दिवस मनाया । आप नेता डॉ सुनील धायल ने बताया कि आज से 11 साल पहले भारत की राजनीति की दशा और दिशा बदलने की शुरआत अरविंद केजरीवाल ने की थी और आज आम आदमी पार्टी ने भारतीय राजनीति में धर्म और आपस की लड़ाई से आमजन की भलाई को मुख्यधारा में ला खड़ा किया है।




आज सारे राजनीतिक दल अरविंद केजरीवाल की नीतियों को लागू करने की बात करती है और यही अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि हम राजनीति करने नहीं राजनीति बदलने आए है । पार्टी के प्रदेश कार्यालय में केक काटकर ओर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

इस मौके पर पवन प्रजापति, हेमंत हिन्दुस्तानी,गिरधारी सेपट, मीनाशी जैदी,गिरिराज खंगारोत,अर्चित गोयल,जागुल किशोर त्रिवेंद्र पाठक,चंद्रमुखी,योगेन्द्र गुप्ता,देवेन्द्र शास्त्री,पवन शर्मा, गणेश राम सुंडा आदि लोग उपस्थित रहे।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फलैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल–बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई – कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा